प्रेस विज्ञप्ति

16 सितंबर 2021

"पीएफ़सी द्वारा भारत का पहला यूरो ग्रीन बॉण्ड जारी किया गया

नई दिल्ली: पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) ने दिनांक 13.09.2021 को सफलतापूर्वक अपना पहला यूरो 300 मिलियन 7 वर्षीय यूरो बॉण्ड जारी किया है। 1.841% का प्राप्त मूल्यनिर्धारण यूरो बाजारों में किसी भारतीय जारीकर्ता द्वारा लॉक किया गया सबसे कम प्रतिफल है।

यह पीएफसी के लिए एक माइलस्टोन के साथ-साथ पीएफसी के लिए प्रथम निर्गमन है। यह न केवल पीएफसी द्वारा पहला यूरो बॉण्ड निर्गमन है, बल्कि भारत का अब तक का पहला यूरो मूल्यवर्ग का ग्रीन बॉण्ड भी है। इसके अलावा, यह किसी भारतीय एनबीएफसी द्वारा प्रथम यूरो निर्गमन और 2017 के बाद से भारत का पहला यूरो बॉण्ड निर्गमन है।

इश्यू में पूरे एशिया और यूरोप के संस्थागत निवेशकों ने 82 खातों की भागीदारी के साथ एक मजबूत भागीदारी देखी और 2.65 गुना ओवरसब्सक्राइब किया गया।

बॉण्ड जारी करने की सफलता पर पीएफसी प्रबंधन की टिप्पणियां :

- पीएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर.एस. ढिल्लों ने कहा कि बॉण्ड जारी करने के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया पीएफसी में अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के विश्वास को दर्शाती है। यह निर्गमन भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करता है। इसके अलावा, यह बॉण्ड जारी करने से पीएफसी को अपनी मुद्रा बही के साथ-साथ निवेशक आधार में विविधता लाने में मदद मिलेगी।
- निदेशक (वित्त) ने टिप्पणी की कि मुझे यह देखकर गर्व हो रहा है कि पीएफसी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूरोपीय बाजार में सफलतापूर्वक प्रवेश किया है और आकर्षक शर्तों और मूल्य पर यूरो बॉण्ड जारी करने की औपचारिकता की है।

हस्ता/-

(एस.एस.राव)
मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)